तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

4 उधर सीएम ने दबाया बटन, इधर मोबाइल में आने लगी खुशियों का मैसेज





## खबर संक्षेप

### 5 हजार शिक्षक भर्ती का निर्णय सराहनीय कदम

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा छत्तीसगढ़ के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण एवं बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु सुशासन सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। प्रदेश में 5,000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया इसी दिशा में द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। जो युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ साथ प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाएगा। सभी अभ्यर्थियों को ओपी चौधरी ने बधाई दी।

### होली पर 4 मार्च को मदिरा दुकान रहेगी बंद

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग ने आदेश जारी कर होली पर्व के अवसर पर 04 मार्च 2026 ;जिस दिन रंग खेला जाएगा को 1 दिवस हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने होली के दिन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मदिरा शुष्क दिवस का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशीए विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे देशी मदिरा दुकान सीएस 2 घघ कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट, विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घघ कंपोजिट, दुकानों एवम मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 अहाता, सीएस 2 कंपोजिट अहाता, एफएल 1 अहाता पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान जिले में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार जैसे विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण और परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शराब रखने और बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय उड़नदस्तों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### बोर खनन के लिए अनुमति जरूरी

**सारंगढ़।** जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे द्वारा छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक 3, 1987 की धारा 03 के तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिले को 01 मार्च से 31 जुलाई तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इस अवधि में अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ जिले में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप बोर पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगाए लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा।

### गाड़ी खरीदी बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी

**जांजगीर-चांपा।** गाडी खरीदी बिक्री के नाम पर लाखों की धोखाधडी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। मिली जानकारी के अनुसार केरा रोड भांठापारा निवासी सुखीराम साहू थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है जिसे स्वयं के उपयोग हेतु एक सेकंड हैंड चार पहिया वाहन की आवश्यकता होने पर उसने एक मोबाइल नंबर के माध्यम से संपर्क किया। संपर्क के दौरान उसने अपना नाम दुर्ग निवासी वसीम खान बताया। प्रार्थी के द्वारा एक सेकंड हैंड गाड़ी खरीदने की बात करने पर उसने अपने एक चार पहिया वाहन मारुति सुजुकी की कीमत 5 लाख 20 हजार बताई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मोबाइल धारक के विरुद्ध 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था ।

## लैलूंगा में पीएम आवास पूरा होने के बाद भी 1337 लोगों को नहीं हो सका है भुगतान

# पीएम आवास की स्वीकृति, पलायन कर गए लोग, जमीन विवाद भी है, इसलिए 2339 घर निर्माण पर छाया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- लैलूंगा ब्लॉक में 2023-24 से अब तक 16983 पीएम हैं स्वीकृत

पीएम स्वीकृति के बाद निर्माण चालू नहीं होने की जो वजह जिला पंचायत की ओर से बताई गई है वह काफी चिंताजनक है। इसमें स्थायी और अस्थायी पलायन को कारण बताया गया है। जमीन विवाद को भी एक वजह बताई गई है। इसके कारण लैलूंगा ब्लॉक में 2339 पीएम आवास स्वीकृति के बाद भी निर्माण चालू नहीं हो सका है।

इसके अलावा एक सवाल यह है कि 1373 हितग्राहियों का पीएम आवास तो पूरा हो गया है, लेकिन उनको राशि नहीं मिली है। यह हम नहीं बल्कि जिला पंचायत की ओर से विधानसभा में दी गई जानकारी कह रहा है। लैलूंगा विधायक ने पीएम आवास को लेकर सवाल उठाया था। इसका जो जवाब जिला पंचायत की ओर से दी गई है वह काफी गंभीर है। उनका कहना है कि स्वीकृति तो दी गई है, लेकिन लोग स्थायी और अस्थायी तौर पर पलायन कर रहे हैं। इसके अलावा जमीन विवाद और कृषि कार्य को भी इसका एक कारण माना गया है। जो भी हो 6 साल के भीतर स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण चालू नहीं हो सका है तो यह प्रशासनिक मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े करता है। वहां के विधायक ने लैलूंगा विधानसभा में साल 2023-24 से फरवरी 2026 तक पीएम आवास की स्वीकृति और निर्माण और पूर्णता को लेकर सवाल किया गया था। इसके जवाब में ही इस तरह की जानकारी दी गई है। लैलूंगा विधानसभा में अब तक 16 हजार 983 स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 11 हजार 135 पूरा हो चुका है। 3 हजार 509 निर्माणाधीन है। 2339 चालू ही नहीं हो सका है। 9 हजार 398 पूरा होने के बाद भगुतान भी हो गया है, लेकिन 1373 हितग्राही ऐसे भी हैं जिनकों पीएम आवास निर्माण पूरा होने के बाद भी राशि नहीं मिली है। इसका कारण कोई साफ्टवेयर में सुधार को बताया गया है। खास बात यह है कि जिले में पलायन बिल्कुल नहीं होने प्रशासन दावा करता है, इधर जिला पंचायत पीएम आवास के हितग्राहियों को स्थायी अस्थायी तौर पर पलायन की बात कह रहा है। यही सबसे बड़ा सवाल है।




**ऐसे हालात पूरे जिले में**

पूर्व में जिला पंचायत ने पीएम आवास निर्माण को लेकर अपनी पीठ खूब थपथपाई है। अब जब विधानसभा में मुद्दा उठाया जा रहा है तो हकीकत सामने आ रही है। इसका ताजा उदाहरण लैलूंगा विधानसभा है। यहां 2339 आवास निर्माण अब तक चालू ही नहीं हो सका है।

**फेक्ट फाइल**

| | | |
|---|---|---|
| स्वीकृत आवास | - | 16983 |
| निर्माण पूरा | - | 11135 |
| निर्माणाधीन | - | 3509 |
| अप्रारंभ | - | 2339 |
| पूरा भुगतान | - | 9398 |
| भुगतान बाकी | - | 1373 |



### 31 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 3 जेल, 268 वाहन चालकों पर जुर्माना

रायगढ़। बीते 24 घंटे के भीतर सिटी कोतवाली, जूटमिल और भूपदेवपुर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 3 व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, वहीं विवाद और शांति भंग की आशंका वाले मामलों में 28 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही जिलेभर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 268 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 1 लाख 22 हजार 200 का समन शुल्क वसूला गया है।

## किडनेपिंग की कोशिश, पकड़ने के बाद पता चला युवक-युवती का है पारिवारिक और आपसी विवाद

**रायगढ।** रविवार की शाम युवकी की किडनिपंग की आई एक खबर ने पुलिस को सकते में डाल दिया। पुलिस ने कार की फोटो पुलिस ग्रुप में शेयर कर नाकेबंदी शुरु कर दी। दूसरी ओर होली त्योहार को लेकर पुलिस की अभी चाक-चौबंद व्यवस्था भी है। ऐसे में कुछ देर में ही कार चालक युवती के साथ पकड़ा गया।

हालांकि जब पकड़ में आए तो पता चला युवक-युवती का पारिवारिक और आपसी विवाद है। युवती ने कार्रवाई से इंकार भी कर दिया। ऐसे में जूटमिल पुलिस युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्कम कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम सोशल मीडिया पर एक खबर चलने लगी। क्रेटा कार से युवती का अपहरण होने की। इससे पुलिस भी सकते में आ गई। युवती का कार में अपहरण की खबर से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने कंट्रोल रूम से सभी नाकेबंदी और चेक पोस्टों को संदिग्ध काले रंग की क्रेटा कार की तलाश करने का निर्देश दे दिया गया। संदिग्ध वाहन की तस्वीर विभिन्न पुलिस ग्रुप में साझा की गई। इसी बीच इंदिरा विहार नो एंट्री चेक प्वाइंट पर तैनात यातायात आरक्षक सुनील मिश्रा की नजर संदिग्ध वाहन पर पड़ी। वाहन रायगढ़ शहर की ओर आ रहा था।



**कार संतराम गली का**

जानकारी के अनुसार कार छातामुड़ा चौक संतराम गली का बताया जा रहा है। वाहन किसी साहू के नाम पर रजिस्टर्ड है। दूसरी ओर पुलिस द्वारा कहां से युवती को उठाया गया और युवती और युवक कहां के हैं इसकी जानकारी नहीं दी गई।

**तबीयत खराब का बहाना**

पकड़े गए वाहन सवार युवकों ने कार में बैठी युवती की तबीयत खराब होने का बहाना बनाया, लेकिन आरक्षक ने परिस्थिति भांपते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही चक्रधर नगर थाना और जूटमिल थाना प्रभारी मौके पर पहुंग गए। साथ में चक्रधरनगर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी भी मौके पर पहुंच गई थी। वाहन को युवती व युवक सहित थाना लाया गया। पूछताछ में युवक युवती का पारिवारिक और आपसी विवाद का मामला सामने आ रहा है। युवती कार्रवाई नहीं चाहती, इनके बीच झगड़ा विवाद है।

### सारंगढ़ के होटल और दुकान में खाद्य सुरक्षा टीम ने की जांच

**सारंगढ़।** होली एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए ज़िले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जाँच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार विभिन्न मिठाई व किराना दुकानों और खाद्य विनिर्माण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। विभागीय टीम की ओर से सारंगढ़ के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया इस दौरान मिठाईयों और बेसन, सूजी और अन्य खाद्य सामग्री जैसे विभिन्न प्रकार के दालों के नमूने जाँच के लिए संग्रहित किए गए। कमी पाए जाने पर फर्म संचालकों को नोटिस दिया गया है तथा सुधार के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से खुले और अत्यधिक रंग युक्त खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की है।

## परसकोल के खेत में मिला युवक का शव हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसकोल में रविवार की सुबह एक युवक का शव खेत में मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार चौहान 35 पिता स्व प्यारेलाल चौहान निवासी ग्राम परासकोल के रूप में हुई है।

सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रभात पटेल, थाना प्रभारी खरसिया राजेश जांगड़े, एफएसएल यूनिट, साइबर थाना स्टाफ एवं डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचे। मृतक की बहन खुशबू चौहान 23 ने बताया कि शनिवार की शाम उसका भाई गांव के उसके दोस्त के साथ दूसरे गांव जाकर खाना पीना किया था। रात करीब सवा 9 बजे उसने सड़क की ओर हल्ला गुल्ला की आवाज सुनी ली, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। रविवार की सुबह भाई का शव खेत में पड़े होने की सूचना मिली तो उनके पैर तले जमीन खिसक गई। परिजनों और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची तो भाई के शव देखकर रोने लगी। वहां का माहौल गमगीन हो गया। उसके शरीर पर पेट, गले एवं अन्य स्थानों पर धारदार हथियार से चोट के निशान है। खरसिया पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। खरसिया पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या के हर पहलू की पुलिस जांच कर रही है।



## एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ ने ले ली एक ड्राइवर की जान, दो वाहनों में लगी आग

**रायगढ़।** सकरे पुल को पार करने के दौरान दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की भयानक आग लग गई। वहीं टक्कर के बाद केबिन जाम हो गया और एक चालक केबिन में ही फंसा रहा। जिससे वह जिंदा जल गया। दूसरा वाहन चालक ने जैसे तैसे वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। दोनों गाड़ियां मिनटों में धू धूकर जल गई। वाहनों से उठ रही आग की लपटें दूर तक फैली हुई थी। घटना इतना खतरनाक था कि चालक को बचाने का मौके ही नहीं मिल सका। सूचना पर पहुंचे फॉयर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका।

जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना अंतर्गत बरौद कालरी के समीप कुरकुट नदी पुल की सड़क पर रविवार को भीषण सड़क दुघर्टना हो गया। बताया जा रहा कि दोपहर साढ़े 12 से 1 बजे के करीब सरिया से लदा ट्रेलर एवं कोयला से भरा हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर होते ही दोनों ही गाड़ियों में आग लग गई। जहां कैबिन में फंसे हाइवा चालक कमल प्रसाद देवांगन लगभग 54 वर्ष निवासी सुरजपुर की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे वाहन का चालक ने जैसे तैसे वाहन से छलांग लगाई और जान बचाने में कायमाब रहा। कुछ ही मिनट में गाड़ियां धू.धूकर जल गई। ऐसे में सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फॉयर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि एक चालक चालक जामपाली माइंस से बालोद रेलवे साइडिंग तक कोयला लेकर जा रहा था। जबकि दूसरा गाड़ी सरिया लेकर बालोद से जामपाली की ओर आ रहा था।



**हर ट्रीप का मिलता है 500 रुपए एक्सट्रा**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों ड्रायवर तेज गति से वाहन चला रहे थे। जहां सकरे पुल से गाड़ी पहले क्रॉस करने के चक्कर में तेज गति से दौड़ाई। जिसका नतीजा से रहा कि आमने.सामने जोरदार टक्कर हो गई। जहां वाहनों के परखच्चे उड़े जिसके बाद भयानक आग लग गई। जहां एक चालक की दर्दनाक मौत जलने से हो गई। दूसरे चालक ने कूदकर जान बचाई। दोनों गाड़ी जलकर स्वाहा हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया है।

## कोतरारोड थाना क्षेत्र के हत्याकांड के दोनों आरोपी को मिली उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड थाना क्षेत्र में साल 2023 में घटित बहुचर्चित हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ठाकुर के न्यायालय ने 27 फरवरी को मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को हत्या के अपराध में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है।

मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्यों और गवाहों को मजबूती से प्रस्तुत किया। जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय में अभियोजन पक्ष मजबूत स्थिति में रहा और आरोपियों को उनके जघन्य अपराध के अनुरूप कठोर सजा सुनिश्चित हो सकी। अभियोजन के अनुसार 24 जनवरी 2023 को सूचनाकर्ता मुन्ना कुमार ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह खैरपुर जमुनीपारा में अपने जीजा छोटनराम और बहन ललिता देवी के साथ रहता था और सेल्फ मिस्त्री का कार्य करता था। 26 जनवरी को नए मकान के गृह प्रवेश की तैयारी के दौरान 24 जनवरी को बिजली का कार्य चल रहा था तभी मोहल्ले का रहने वाला देवव्रत मोटर साइकिल से वहां आया, जिस पर गली के मरम्मत कार्य को लेकर विवाद हुआ और वह वहां से चला गया। कुछ समय बाद देवव्रत अपने साथी कार्तिक राम तुरी के साथ वापस आया और दोनों ने गाली गलौच करते हुए विवाद शुरू कर दिया। विवाद के दौरान कार्तिक राम तुरी ने अपने पास छिपाकर रखी सब्जी काटने की लोहे की छुरी निकालकर ललिता देवी के पेट में जानलेवा वार कर दिया। बीच बचाव करने आए छोटनराम पर भी उसी छुरी से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। दोनों घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ ले जाया गया जहां उपचार के दौरान छोटनराम की मृत्यु हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतरारोड़ में धारा 307, 302, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों कार्तिक राम तुरी और देवव्रत कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। विवेचना के दौरान एकत्रित सशक्त साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और एक हजार अर्थदंड तथा धारा 324 के तहत 1 वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार अर्थदंड से दंडित किया।



### माइनिंग विभाग ने की एक सप्ताह में 27 वाहन जब्त, विभिन्न थानों में सुपुर्द

# नीलामी के बाद भी नहीं हो रहा वैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के रेत खदानों की नीलामी तो पूरी हो गई है, लेकिन अब तक वैध तरीके से खनन चालू नहीं हो सका है। हालात यह है कि अवैध तरीके से खनन और परिवहन बेखौफ हो रहा है। अवैध खनन होने का प्रमाण खुद विभाग की टीम द्वारा की गई बीते एक सप्ताह की कार्रवाई है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह के भीतर खनिज अमले ने कार्रवाई करते हुए 27 वाहनों को जब्त किया है। इस कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों में हड़कंप की स्थिति है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध परिवहन के अंतर्गत खनिज रेत के 20 ट्रैक्टर एवं 02 हाईवा, खनिज मिट्टी मुरूम के 03 ट्रैक्टर तथा खनिज चूनापत्थर के 02 हाईवा को जब्त किया गया है। जब्त किए गए कुल 27 वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर सहित थाना कोतरा रोड, भूपदेवपुर, पूंजीपथरा एवं पुसौर में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23 क के तहत विधिसम्मत प्रकरण दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## काम के बहाने दो नाबालिग लड़कियों एमपी ले गया युवक, गिरफ्तार

**रायगढ़।** 21 फरवरी को जोबी क्षेत्र में 14-15 साल की दो नाबालिग बालिकाएं 18 फरवरी से लापता होने की रिपोर्ट छाल थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस नें धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अलग- अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस ने एसडीओपी प्रभात पटेल के नेतृत्व में टीआई के नेतृत्व में टीम गठित कर परिजनों, सहेलियों से पूछताछ एवं सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच में राजमिस्त्री का कार्य करने वाले संदेही सीताराम सारथी के साथ बालिकाओं को अंतिम बार देखे जाने की जानकारी मिली। संदेही और गुम बालिकाओं की पतासाजी की जा रही थी कि उन्हें घरघोड़ा क्षेत्र के सन स्टील प्लांट, टेंडा नवापारा में देखे जाने की सूचना मिली। दबिश देकर दोनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया। बालिकाओं ने बताया कि आरोपी पहले उनके गांव में काम करने आया था और उसने काम दिलाने एवं अच्छे से रखने का दिलासा दिलाकर उन्हें अपने अनूपपुर एमपी साथ ले गया था। प्रकरण में धारा 18 सहित पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ते हुए आरोपी सीताराम सारथी 35 निवासी पुलिस चौकी जोबी क्षेत्र' को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## खबर संक्षेप

### आईएनएस अंजदीप में लगा है आरएसपी का इस्पात

**राउरकेला।** एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर राउरकेला इस्पात कारखाना आरएसपी में उत्पादित इस्पात चर्चा में है। आरएसपी के विशेष प्लेट प्लांट में निर्मित इस्पात पहले भी अनेक राष्ट्रीय परियोजनाओं में उपयोग किया जा चुका है। अब भारतीय नौसेना में शामिल हुए आईएनएस अंजदीप में भी इसी इस्पात का उपयोग हुआ है। सेल की इकाई गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड जीआरएसई में निर्मित 8 एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी कॉर्वेट जहाजों के लिए लगभग 3, 500 टन विशेष श्रेणी का इस्पात इस्तेमाल किया गया है। यह इस्पात आरएसपी के साथ साथ बोकारो और भिलाई इस्पात संयंत्रों से प्राप्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि भारतीय नौसेना के लिए देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत में भी यहां निर्मित डीएमआर 249, और डीएमआर 249 बी ग्रेड का इस्पात उपयोग किया गया था। इसके अलावा आईएनएस नीलगिरि, आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस सूरत में भी आरएसपी का इस्पात लगाया गया है। इसी प्रकार भारतीय सेना के लिए भूमि आधारित युद्ध और सैनिक सुरक्षा से संबंधित उपकरणों के निर्माण में भी इस कारखाने का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहां युद्धक टैंक टी 90 भीष्म और अर्जुन के लिए विशेष गुणवत्ता की प्लेटों का उत्पादन किया गया है। साथ ही एंटी.माइन युद्ध वाहन बीएमपी.2 सारथ के लिए जैकल और स्पेड ग्रेड का इस्पात भी आपूर्ति किया गया है।

### राउरकेला में सरस स्वदेशी मेला का शुभारंभ

**राउरकेला।** राउरकेला के सेक्टर 13 स्थित मेला मैदान में शुक्रवार को सुंदरगढ़ जिला प्रशासन एवं ओडिशा सरकार के पंचायती राज एवं पेयजल विभाग के अंतर्गत कार्यरत ओआरएमएएस के संयुक्त तत्वावधान में सरस स्वदेशी मेला का शुभारंभ हुआ। यह मेला 9 मार्च तक चलेगा। ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने मुख्य अतिथि के रूप में मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि सामूहिक कार्रवाई का आह्वान है। स्वदेशी उत्पादों की खरीद और उपयोग से हम सीधे तौर पर ग्रामीण कारीगरों और उद्यमियों की आजीविका को सशक्त बनाते हैं उन्होंने कहा और नागरिकों से स्थानीय उत्पादकों का सक्रिय समर्थन करने की अपील की। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा फायर लाइसेंस पर गोलमोल जवाब असीस्टेंट अफ़सर फायर ऑफिस राउरकेला ने कहा हमने अनुशंसा प्रदान की है लाइसेंस नहीं दिया कारण उन्होंने फायर लाइसेंस के लिए निवेदन प्रस्तुत नहीं किया। इस विषय पर सामाजिक कार्यकर्ता व आरटीआई एक्टिविस्ट डॉक्टर राजकुमार यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग की है उन्होंने कहां जहां लाखों की संख्या में लोगों का आगमन होता है वहां इस तरह से आदमी संबंध विभाग के द्वारा उचित व्यवस्था किए बिना ही ऐसे आयोजनों पर तुरंत रोक लगानी चाहिए वह संलग्न कर्मचारियों अधिकारियों व व्यवसाइयों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### सड़क दुर्घटना रोकेगी स्मार्ट व्यवस्था, एनआईटी शोधकर्ताओं ने किया विकसित

**राउरकेला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग के शोध दल ने एक अभिनव उपलब्धि हासिल की है। टीम ने अंधे मोड़ों पर आने वाले वाहनों की वास्तविक समय रियल टाइम में पहचान करने के लिए एक स्मार्ट रोडसाइड सिस्टम विकसित किया है। यह प्रस्तावित प्रणाली अंधे मोड़ पर आने वाले वाहनों का तुरंत पता लगाकर संभावित दुर्घटनाओं से बचने हेतु वाहन चालकों को सतर्क करेगी। इससे कम दृश्यता और सीमित आधारभूत संरचना वाले क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। यह प्रणाली विशेष स्थानों पर स्थापित निगरानी कैमरों और कंप्यूटर विजन एल्गोरिद्म का उपयोग करती है, जो लाइव वीडियो स्ट्रीम से गतिशील वाहनों की पहचान करता है। साथ ही, पूर्व निर्धारित अंधे मोड़ के निकट पहुंचने पर वाहनों की गति और दूरी का सटीक आकलन भी करता है।

## ओडिशा से सिंगरौली ले जाई जा रही थी 9 लाख की खेप

# बोलेरो के गुप्त चेंबर से मिला 18 किलो गांजा, 3 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

होली पर्व से ठीक पहले जशपुर पुलिस ने नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। थाना कुनकुरी पुलिस ने बीती रात सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक मॉडिफाइड नई बोलेरो (कीमत लगभग 14 लाख रुपये) के गुप्त चेंबर से 18.4 किलो गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 9 लाख रुपये आंकी गई है, बरामद किया। इस मामले में तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोलारमन यादव उम्र 61 वर्ष वर्ष, शिवराम यादव उम्र 26 वर्ष एवं रामेश्वर यादव उम्र 30 वर्ष निवासी जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने ओडिशा में मौजूद इनके करीबी रिश्तेदार (साला), जिसने गांजा उपलब्ध कराया था, को भी आरोपी बनाया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है।

### सिटी कोतवाली ने भी 24.840 किलो गांजा पकड़ा



### मुखबिर की सूचना पर बिछाया जाल

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह को कुछ दिनों पूर्व विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से गांजा की एक बड़ी खेप मध्यप्रदेश पासिंग बोलेरो वाहन क्रमांक एम.पी. 66 जेड.एच. 6806 में जशपुर होते हुए सिंगरौली ले जाई जाएगी। सूचना मिलते ही थाना कुनकुरी को अलर्ट कर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### वाहन को मोडिफाई कर बनाया गुप्त चैंबर

बीती रात चेकिंग के दौरान संदिग्ध बोलेरो को रोका गया। वाहन में चालक रामेश्वर यादव सहित तीन लोग सवार थे। पूछताछ के बाद जब वाहन की बारीकी से तलाशी ली गई तो वाहन के नीचे विशेष रूप से मॉडिफाई कर बनाए गए गुप्त चेंबर को खोलकर देखा गया। उसमें प्लास्टिक पैकेटों में छिपाकर रखा गया 18.4 किलो गांजा बरामद हुआ।

### बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी

डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि कुनकुरी क्षेत्र में बोलेरो वाहन से 18.4 किलो अवैध गांजा के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। साथ ही सिटी कोतवाली ने भी 24.840 किलो गांजा जब्त किया है। जशपुर पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। होली के मद्देनजर जिले में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि त्योहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### आरोपियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

पुलिस ने मौके पर ही गांजा जब्त कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि ओडिशा में मौजूद उनके रिश्तेदार ने उन्हें गांजा उपलब्ध कराया था, जिसे वे सिंगरौली में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपियों के विरुद्ध थाना कुनकुरी में अपराध क्रमांक 45/26 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा एंड-टू-एंड विवेचना की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

**इनकी रही महती भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश यादव, उपनिरीक्षक मनोज साहू, आरक्षक मुकेश पांडेय, जितेंद्र गुप्ता एवं विनोद तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## किराये के मकान से 12.42 लाख का गांजा जब्त

कोतवाली पुलिस ने विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 24.840 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग 12 लाख 42 हजार रुपये) जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 28 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली की टीम ने विवेकानंद कॉलोनी के एक किराये के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। मौके से सुनील भगत उर्फ गोविंदा ,निवासी जैन मंदिर क्षेत्र एवं रवि विश्वकर्मा निवासी तेलीटोली को गिरफ्तार किया गया।



## सुबह 4 बजे 12 वार्डों में एक साथ छापे, 5 हजार किलो महुआ पाश नष्ट

होली के रंग में भंग घोलने वालों पर सख्त वार करते हुए जशपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन आघात' के तहत तड़के 4 बजे शहर के 12 वार्डों में एक साथ दबिश दी। 60 से अधिक अफसर-कर्मचारियों की टीम ने डीपाटोली से लेकर बरटोली और मस्जिद पारा तक संभावित ठिकानों पर छापा मारकर 50 लीटर से अधिक कच्ची महुआ शराब जब्त की और करीब 5000 किलो महुआ पास (अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए) मौके पर ही नष्ट कर दिया। कार्रवाई में 2 महिला सहित 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश और एएसपी राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में एसडीओपी चंद्रशेखर परमा के नेतृत्व में सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, चौकी प्रभारी दिनेश कुमार पुरैना व एएसआई चंद्रप्रकाश त्रिपाठी की टीमों ने डीपाटोली, तेलीटोली, टंकीटोली, गाढ़ाटोली, बरटोली, बस स्टैंड के पीछे मस्जिद पारा और रक्षित कॉलोनी में एक साथ दबिश दी।



**थाना आस्ता में पकड़ी गई बड़ी शराब की खेप:** थाना आस्ता क्षेत्र में आरोपी गुरप्रीत साय (26), निवासी बाजारपारा, के घर से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब,4.680 लीटर अंग्रेजी व्हिस्की (मूड ऑफ व रॉयल ब्रांड),4 लीटर बीयर बरामद की गई। कुल कीमत करीब 7800 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट में अपराध दर्ज किया गया है।

**ट्रैफिक पर नकेल: 2 दिन में 500 चालान:** होली के मद्देनजर हादसों पर अंकुश के लिए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी सघन चेकिंग जारी है। बीते दो दिनों में 500 प्रकरण दर्ज कर लगभग 50 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने और हेलमेट न पहनने वालों पर सख्ती बरती जा रही है।

## कोसीर क्षेत्र में पान मसाले की कालाबाजारी जोरों पर

**कोसीर।** कोसीर क्षेत्र में पान मसाले की कालाबाजारी जोरों पर चल रही है। खासकर गुटका और सिगरेट की कीमत दो गुनी ली जा रही है। हालात यह है कि नशा बंद कराना तो दूर लूट खसोट मचाने में लगे हुए हैं। कोसीर सहित पूरे क्षेत्र मे गुटका की कालाबाजारी चरम पर है।

गांव-गांव के छोटे बड़े दुकानों में उचित मूल्य से भी ज्यादा दामों में अनाप शनाप बेचा जा रहा है जिससे छोटे दुकानदार तो परेशान है ही ग्राहक भी भारी परेशान नजर आ रहे हैं। अंचल में राजश्री गुटका के अवैध मुनाफे और कालाबाजारी का खेल खुलेआम चल रहा है जानकारी के अनुसार जीएसटी में 40 प्रतिशत टैक्स में शामिल किए करने के दो महीने पहले से ही गुटखा सहित कई पान मसाले और सिगरेट में भारी मात्रा में मुनाफा के लिए इनको गोदामों में डंप करके रख दिया गया है। जिसके फलस्वरूप 5 रुपए में मिलने वाले राज श्री का पाउच अब 8 रूपए में बिक रहा है । वही सिगरेट मे भी कालाबाजारी जोरों से हो रहा है। 2 रुपए बढा हुआ है। इसी तरह गुडाखू में भी 5 रूपए बढा हुआ है। इसी तरह सभी तम्बाकू सामानों में भाव स्पष्ट रूप से बढा हुआ



नजर आ रहा है । बताया जा रहा है नगर के बड़े व्यापारी और एजेंसी मालिक शासन के नियमों को ताक में रख कर निर्धारित मूल्यो से अधिक बिक्री कर लूट खसोट मचाने लगे है। वहीं दुकानदारों का कहना है कि अब बिक्री भी आधी हो गई है।

## खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत 15 तक आवेदन

**जशपुरनगर।** जिले में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक दिनांक 15 मार्च तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में चावल आधारित उद्योग, मिनी राइस मिल, आटा मिल, बेकरी, नमकीन, मिक्सचर, मुरमुरा, मुरकू, पोहा, मसाला, अचार, पापड़, बड़ी, बेसन, मैदा, सूजी, तेल मिल, हालर मिल, राइस मिल सहित अन्य विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।

## दिल्ली में गिरफ्तारी से जमानत तक संघर्ष जारी

**घरघोड़ा।** भारत मण्डपम हो रहे आई समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ कर रहे विरोध प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और युवा कार्यकर्ताओ की गिरफ्तारी के बाद राजधानी दिल्ली में युवा आक्रोश खुलकर सामने आया।

युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को आधार बनाकर की गई यह कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का प्रयास है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद राकेश पांडे और जिला अध्यक्ष उस्मान बेग अपनी पूरी टीम के साथ दिल्ली पहुंचे और आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में डटे रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद से ही दिल्ली में धरना, प्रदर्शन, विरोध मार्च और रणनीतिक बैठकों का दौर लगातार चलता रहा। लगातार संघर्ष और कानूनी प्रक्रिया के दबाव के बाद पुनः आज राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को अदालत से जमानत मिल गई है। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रदेश महासचिव राकेश पांडे और जिला अध्यक्ष उस्मान बेग शुरुआत से लेकर जमानत तक हर मोर्चे पर दिल्ली में मौजूद रहे। दोनों नेता प्रदेश अध्यक्ष प्रभारी और



सह प्रभारी के साथ लगातार बैठकों धरना और विरोध कार्यक्रमों में शामिल रहे। प्रदेश महासचिव राकेश पांडे ने कहा यह गिरफ्तारी युवाओं की आवाज़ को दबाने का प्रयास है। अगर सत्ता दमन का रास्ता चुनेगी तो युवा कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से उसका जवाब देगी।

## खंडाधर जा रहे एनआईटी छात्र को हाइवा ने कुचला

**राउरकेला।** शनिवार को एनएच 143 पर राजामुंडा के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ;एन आई टीद्ध राउरकेला के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा 28 फरवरी को सुंदरगढ़ जिले में लहुणीपाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 143 पर राजामुंडा के पास हुआ। सूत्रों के अनुसार, एनआईटी राउरकेला के 16 छात्र अपने अपने स्कूटर से एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल घूमने जा रहे थे, तभी समरदरी चौक के पास यह दुर्घटना हुई। रिपोर्ट के मुताबिक राजामुंडा की ओर से आ रहा एक हाइवा ट्रक सामने से एक स्कूटर से टकरा गया। स्कूटर चला रहे छात्र की पहचान कार्तिकेन पूरा विवरण प्रतीक्षित के रूप में हुई है, जिनकी मौके पर ही गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। स्कूटर पर पीछे बैठी छात्रा को गंभीर चोटें आई हैं। साथ में मौजूद अन्य छात्रों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लहुणीपाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रा को प्राथमिक उपचार के लिए लहुणीपाड़ा मेडिकल ले जाया गया।

## जिला जेल में 5 दिवसीय योग शिविर, योग को दिनचर्या में शामिल करने का बंदियों ने लिया संकल्प

**रायगढ़।** जिला जेल रायगढ़ में पांच दिवसीय योग शिविर आज उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य बंदियों को मानसिक शांति, शारीरिक सुदृढ़ता और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जेल परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास कराए गए। बंदियों ने



बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। नियमित अभ्यास के माध्यम से तनाव मुक्ति, एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। समापन कार्यक्रम में जेल अधीक्षक जीएस शोरी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह मानसिक तनाव को कम कर आत्मअनुशासन, धैर्य और सकारात्मक सोच का विकास करता है।

## गेहूं की फसल कम लागत में किसानों को ज्यादा मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

परंपरागत विधि की अपेक्षा उन्नत तकनीकी विधि से गेहूं की फसल से किसानों को अधिक लाभ हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप में कृषि विभाग और उद्यान विभाग के द्वारा कृषकों को उन्नत तकनीकी से खेती करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के साथ ही तकनीकी मार्गदर्शन देकर खेती कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में विशेष पहल किया जा रहा है। फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम बोखी के 60 वर्षीय कृषक श्री गणेश राम यादव ने बताया कि वे परंपरागत देशी विधि से खेती करते थे। जिससे प्रति एकड़ 4 से 5 हजार रूपये शुद्ध आय प्राप्त होता था, इस वर्ष एसएमएसपी योजना अंतर्गत 0.400 हे. क्षेत्र में उन्नत तकनीकी विधि से गेंहू फसल किस्म जीडब्ल्यू 322 लगाया था। जिससे उन्हें 7.00 क्वि. प्रति एकड़ उपज प्राप्त हुआ।

## जशपुर के एनईएस कॉलेज में मना विज्ञान उत्सव

# विज्ञान सोच की शक्ति है, इसे जीवन में अपनाना ही सच्ची प्रगति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026' के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विज्ञान उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अमरेन्द्र के प्रेरक उद्बोधन से हुआ।

उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल और तकनीकी युग में विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन एवं नवाचार की भावना अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुसंधान प्रवृत्ति, समस्या-समाधान कौशल एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। 27 फरवरी को विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि 28 फरवरी को लोकप्रिय



व्याख्यान, पोस्टर निर्माण तथा विज्ञान मॉडल निर्माण प्रतियोगिताए आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक समझ एवं सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता आशीष राजपाल, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र), नायक विनायक राय शासकीय महाविद्यालय ने "डाटा, ध्यान और समय" विषय पर व्याख्यान देते हुए डिजिटल युग में डाटा सुरक्षा, समय प्रबंधन और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शैलेन्द्र पैंकरा, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र), शासकीय नवीन महाविद्यालय ने डिजिटल तकनीक के मस्तिष्क एवं शरीर पर वैज्ञानिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए डिजिटल संतुलन, बेहतर नींद और "डिजिटल डिटॉक्स" अपनाने की सलाह दी।

### विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

शैक्षणिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः दीपक कुमार और नेयूर दास (संयुक्त), द्वितीय स्थान कर्मा सन्यासी, तृतीय स्थान रूपम वर्मा, विज्ञान प्रश्नोत्तरी (क्विज) – विजेता प्रतिभागी प्रथम स्थान प्राप्त समूह के सदस्यः प्राधाम पैंकरा, दीपक कुमार, रितेश सोमानी, रूपेश कुमार एवं अमन कुमार, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता प्रथम स्थानः रूपम एवं समूह एसिड रेन मॉडल (रसायन शास्त्र विभाग), द्वितीय स्थानः बिनय एवं समूह, तृतीय स्थानः नितेश एवं समूह को मिला।

### इनका रहा सहयोग

इन सभी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता, रचनात्मकता, तार्किक क्षमता एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ हरिकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन अलका सिंह ने किया। इस पूरे उत्सव को सफल बनाने में आईलिन एक्का, भूषषि खूंटे, सुजाता प्रधान, अलका सिंह की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर मनोरंजन कुमार, अजय राजवाड़े, किरण राजवाड़े, मनोज कुमार, रेशमा, आराधना एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिरा बालक, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पेड़ से गिरने से गंभीर हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बालक अचेत हालत में देर रात तक पेड़ के नीचे पड़ा था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम छतोरी निवासी राजेन्द्र राम आ. बैसाखू राम (9 वर्ष) शुक्रवार की शाम गांव के ही अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे खेल रहा था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा। देर रात तक बालक के घर नहीं आने पर परिजन ने खोजबीन की तो बालक अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे अचते हालत में पड़ा मिला वहीं पास से ही छिले बालक को देख परिजन ने पूछताछ किया तो बालक ने बताया कि राजेन्द्र पेड़ से नीचे गिरा था। परिजन बालक को तत्काल उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की गई जान

कार के सड़क किनारे उतारने तथा सीट पलट जाने से गंभीर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोडा निवासी पुनिया बाइक पति जमुना प्रसाद (66 वर्ष) अदानी में चालक का काम कर रहे नाती लखन यादव के साथ कार से घर जा रही थी। जैसे ही लखन कार लेकर अटेम नदी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए कार सड़क किनारे उतार दिया। कार की सीट पलट जाने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।



# फिल्म 'स्पिरिट' से विवेक का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई**। प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' मार्च, 2027 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए उतरेगी। फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अभी से माहौल सेट करना शुरू कर दिया है। नए साल के मौके पर, 1 जनवरी को फिल्म से पहली तस्वीर सामने आई थी जिसमें प्रभास और तृप्ति डिमरी की झलक देखने को मिली थी। अब फिल्म से विवेक ओबेरॉय का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है। 'स्पिरिट' से विवेक का पहला लुक जारी करते हुए कैप्शन दिया गया, 'अंधेरे में छिपा एक रहस्य और वो आंखें जो सबसे गहरे राज़ याद रखती हैं।'

लाइफ Style



# कीर्ति

## अब खलनायिका बनकर मचाएंगी तहलका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'पिंक', 'इंदु सरकार' और 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' जैसी फिल्मों-सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वाली कीर्ति कुल्हारी नई भूमिका को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फैंस इस बार उन्हें नकारात्मक किरदार में देखेंगे।

पिछले साल अभिनेत्री ने राकेश सैन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'चकोर बन' की शूटिंग शुरू की है। इसके बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति को फिल्म 'चकोर बन' में मुख्य खलनायिका (या मुख्य प्रतिपक्षी) के लिए चुना गया है जो उनके लिए एक नया अनुभव होगा। फिल्म को बनाने के लिए राकेश बतौर सहायक और एसोसिएट निर्देशक बनकर, दिग्गज निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने 'एक हसीना थी', 'एजेंट विनोद', 'बदलापुर', 'अंधाधुन' और 'मेरी क्रिसमस' जैसी कई फिल्मों में अपना पूरा सहयोग दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति ने अपनी एक अन्य फिल्म 'किनारे' की शूटिंग पूरी कर ली है। यह उनकी पहली फीचर फिल्म है जिसे उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी किंटसुकुरोई फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन अकबर आजम कादरी ने किया है, जबकि कहानीकार भी वह खुद हैं। कास्ट में कीर्ति के अलावा, अभिनेता राजीव सिद्धार्थ, रवि तनेजा और अलका अमीन जैसे सितारे हैं। फिलहाल फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और इसी साल रिलीज हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर व ट्रैविस करने जा रहे शादी

**लॉस एंजिल्स**। पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। अगस्त, 2025 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई की थी। उस वक्त से चर्चा थी कि दोनों 2026 में एक-दूसरे के साथ शादी करके अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं। ताजा जानकारी में पता चला है कि टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी की तारीख को पक्का कर लिया है। दोनों जून में शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि टेलर और टैविस 13 जून, 2026 को अमेरिका के रोड आइलैंड में शादी करने जा रहे हैं।



# शो 'द वायर' के अभिनेता बॉबी जे ब्राउन नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स**। एचबीओ के टीवी शो 'द वायर' से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता बॉबी जे. ब्राउन का निधन हो गया है। उन्होंने 62 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। इस दुखद खबर की पुष्टि अभिनेता की बेटी की ओर से की गई। उनकी बेटी ने बताया कि 24 फरवरी, यानी को मैरीलैंड में एक खलिहान में आग लग गई थी। इसके धुंए के कारण दम घुटने से अभिनेता की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरीलैंड के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया कि, 'ब्राउन की मौत का कारण उनके शरीर में फैली गर्मी और दम घटना था। हमें बताया गया कि मौत एक दुर्घटना थी।' बताया जाता है कि खलिहान में आग उस वक्त लगी, जब अभिनेता अपनी गाड़ी स्टार्ट करने पहुंचे थे। जब तक अग्निशामक यंत्र वहां पहुंचे, आग पूरी तरह से फैल चुकी थी।



# नई फिल्म को मिला नाम शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई**। शनाया कपूर ने अपनी हालिया रिलीज एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' से सुर्खियां बटोरी थीं। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव मुख्य किरदार में थे, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में यह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई। इस बीच, शनाया अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गई हैं जिसके शीर्षक का खुलासा आखिरकार हो गया है। फिल्म के निर्माता विकेश भूटानी हैं जिन्होंने आधिकारिक तौर पर शीर्षक का खुलासा कर दिया है। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूटानी ने बातचीत के दौरान बताया है कि आगामी कॉमेडी फिल्म का शीर्षक 'जैकब कार्डोसो' रखा गया है। शनाया के अलावा, फिल्म में अभय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई देंगे, जिन्हें 'मुंज्या' से लोकप्रियता मिली थी।




# मृणाल की 'डकैत' का पहला गाना जारी

**मुंबई**। मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की आगामी फिल्म 'डकैत- एक प्रेम कथा' लंबे समय से चर्चा में है। पहले इसे मार्च, 2026 में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच, लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने पहला गाना 'रूबरू' जारी कर दिया है। गाने को हिंदी और तेलुगु भाषाओं के साथ डब किया गया है, जो सोनी म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हो चुका है। 'रूबरू' को फहीम अब्दुल्लाह ने आवाज दी है। इसमें उनका साथ चिन्मयी श्रीपदा ने दिया है। गाने का संगीत भीम्स सेसिरोलियो ने तैयार किया है, जबकि बोल रितेश रजवाड़ा ने लिखे हैं। बता दें, फिल्म 'डकैत' का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। इसकी कहानी प्यार, धोखे और बदले के इर्द-गिर्द घूमती है।

टीवी मसाला



# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी कृतिका

**नई दिल्ली**। टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें।

# करण कुंद्रा के सीने पर तेजस्वी प्रकाश का टैटू, ये परमानेंट है या एआई का कमाल?



**नई दिल्ली**। टीवी के पॉपुलर कपल 'तेजरन' यानी तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा को फैंस काफी पसंद करते हैं। बिग बॉस के बाद से दोनों की जोड़ी हिट है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें फैंस ने नोटिस किया कि करण कुंद्रा ने सीने तेजस्वी का चेहरा टैटू करवा रखा है। वीडियो वायरल हुआ तो चर्चाएं शुरू हो गईं, लोग जानने के लिए बेताब हो गए कि ये परमानेंट है या एआई जनरेटेड फेक इमेज हैं। हालांकि, करण के इस रोमांटिक जेस्चर पर प्यार लुटा रहे हैं। इवेंट की तस्वीरें और वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच इस टैटू को लेकर बहस छिड़ गई कुछ फैंस ने इसे असली प्यार का इजहार बताया तो कुछ ने इसे एआई जनरेटेड फोटो करार दे दिया। इसी कन्फ्यूजन को दूर खुद करण कुंद्रा ने किया। करण कुंद्रा ने बताया कि ये तेजस्वी के चेहरे का टैटू तो है, लेकिन ये परमानेंट नहीं है। यह टैटू तेजस्वी के डेब्यू ओटीटी शो 'साइको सैयां' के प्रमोशन के लिए बनवाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अपना सपोर्ट दिखाने के लिए ये किया।

# रश्मिका- देवरकोंडा की राजसी शादी 10 महीने में तैयार हुए किलोभर सोने के गहने

*मुंबई। उदयपुर में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी सिर्फ एक उत्सव नहीं थी, बल्कि भव्यता और शाही ठाट-बाट का जश्न था, लेकिन इस राजसी चमक के पीछे छुपा है कारीगरों का 10 महीने का कड़ा परिश्रम। हर गहना शादी को यादगार बनाने के लिए बारीकी से तैयार किया गया, जो इसे वाकई एक राजसी अनुभव बनाता है। आइए जानते हैं इन गहनों से जुड़ी कुछ और दिलचस्प और अनसुनी बातें।*

### रश्मिका- विजय की शादी में सोने की चमक

विजय और रश्मिका की शादी में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा उनके किलोभर वजनी सोने के गहनों ने। मांग टीके और बाजूबंद से लेकर पैरों की पायल तक, रश्मिका-विजय दोनों ने अपनी शादी के लिए भारी-भरकम मंदिर वास्तुकला से प्रेरित गहने चुने। रश्मिका ने सोने की चेन वाले झुमके पहने थे, जो पीछे बालों तक जुड़े हुए थे। उनके हाथों में सोने की चूड़ियों का ढेर, कड़े और हाथफूल भी थे, जो उनके लुक को और भी भव्य बना रहे थे।



### आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का संगम

इस जोड़ी ने अपनी शादी के लिए खास 'टेंपल-स्टाइल' (मंदिर वास्तुकला शैली) के गहनों को चुना, जिन्हें तैयार करने में कारीगरों को पूरे 10 महीने का समय लगा। किलोभर सोने से बने इन आभूषणों पर देवी-देवताओं और पौराणिक प्रतीकों की बेहद बारीक नक्काशी की गई है। गले में सजे भारी हार से लेकर हाथों के कड़ों तक, रश्मिका और विजय का ये 'शाही लुक' आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का एक अद्भुत मेल है।

### हर गहने में शाही नक्काशी का कमाल

विजय ने राजाओं जैसा लुक अपनाया, गले में भगवान लक्ष्मी की नक्काशी वाला नेकलेस, हाथों में 'थानोस' स्टाइल ब्रेसलेट्स, बाजूबंद और पैरों में सोने के कड़े पहने। रश्मिका के 11 विशेष आभूषणों को तैयार करने में कारीगरों ने 10 महीने का लंबा समय लिया। इस 'विरोश' जोड़ी ने करीब 2 किलो से भी ज्यादा वजन के पारंपरिक सोने के गहने पहने थे।

# प्रियंका के जबरदस्त किरदार, एक के लिए निर्देशक ने देखते ही कर दिया था इंकार



**मुंबई**। प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' की हर तरफ चर्चा हो रही है, जहां वो एक समुद्री डाकू के बेहद चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। प्रियंका की मेहनत ने साबित कर दिया है कि चाहे 'बर्फी' की मासूम झिलमिल हो, 'बाजीराव मस्तानी' की स्वाभिमानी काशीबाई या अब 'द ब्लफ' की योद्धा, प्रियंका हर किरदार में जान फूंकना जानती हैं। एक नजर प्रियंका के दमदार किरदारों पर।

***'बर्फी' (झिलमिल)*** : साल 2012 में आई फिल्म 'बर्फी' में झिलमिल की भूमिका के लिए जब प्रियंका निर्देशक से मिलने पहुंचीं तो उन्हें देखते ही निर्देशक ने ये कहकर मना कर दिया कि वो इस रोल के लिए बहुत 'ग्लैमरस' हैं। हालांकि, प्रियंका की कड़ी मेहनत ने निर्देशक को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया। नतीजा ये हुआ कि जब फिल्म पर्दे पर आई तो उसी ठुकराए गए किरदार ने भारतीय सिनेमा में अभिनय की एक नई मिसाल कायम कर दी।

***'मैरी कॉम' (मैरी कॉम)*** : 'मैरी कॉम' में प्रियंका ने अपनी ताकत और जुनून से दर्शकों को हिला दिया था। दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम की इस बायोपिक फिल्म के लिए प्रियंका ने खुद को पूरी तरह बदल लिया था। इस रोल के लिए प्रियंका ने न केवल मुक्केबाजी सीखी, बल्कि अपने शरीर को भी एक एथलीट की तरह ढाला। पर्दे पर उन्होंने अपनी भूमिका को इतनी शिद्दत से जिया कि दर्शकों को लगा जैसे वो खुद मैरी कॉम को रिंग में लड़ते देख रहे हैं।

***'फैशन' (मेघना माथुर)*** : प्रियंका की फिल्म 'फैशन' ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया था। इसने ने सिर्फ प्रियंका को उनके करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया, बल्कि बॉलीवुड में अभिनेत्री होने की परिभाषा भी बदल दी। फिल्म में प्रियंका ने मेघना माथुर' का किरदार निभाया था, जिसने एक छोटे शहर की लड़की से सुपरमॉडल बनने और फिर अर्श से फर्श पर गिरने के दर्दनाक सफर को दिखाया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस फिल्म में सहायक भूमिका निभाई थी।

# सिनेमाघरों से ओटीटी तक कोहराम, मार्च में रिलीज हो रहीं 'धुरंधर 2' समेत 5 धमाकेदार फिल्में...

*मुंबई। साल 2026 का मार्च महीना भारतीय सिनेमा के लिए किसी ब्लॉकबस्टर उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने जहां बड़े पर्दे पर रणवीर सिंह अपनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' के साथ तहलका मचाएंगे, वहीं अनिल कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के जरिए एक फौजी के दमदार अंदाज में दर्शकों का दिल जीतेंगे। आइए जानते हैं मार्च के महीने में कौन-सी फिल्म कब रिलीज हो रही है।*

**'धुरंधर 2'**: साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' मार्च के महीने में सिनेमाघरों में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आदित्य धर के निर्देशन में बन रही ये फिल्म न केवल एक सीक्वल है, बल्कि भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। फिल्म 19 मार्च को दर्शकों के बीच आने वाली है। सीक्वल में 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के कलाकार विक्की कौशल और यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं।



**'टॉक्सिक'** : 'धुरंधर 2' को सीधी टक्कर देने के लिए साउथ के रॉकिंग स्टार यश अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' के साथ मैदान में उतर रहे हैं। '**KGF**' फ्रेंचाइजी की ऐतिहासिक सफलता के बाद दर्शकों की नजरें यश के इस अगले कदम पर टिकी हैं। ये फिल्म ठीक उसी दिन रिलीज हो रही है, जिस दिन 'धुरंधर 2' आ रही है। बॉक्स ऑफिस पर ये 'यश बनाम रणवीर सिंह' की जंग साल 2026 का सबसे बड़ा 'सिनेमाई युद्ध' साबित होने वाली है।

**'मैसा'**: रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मैसा' को लेकर भी मार्च 2026 के कैलेंडर में जबरदस्त सुगबुगाहट है। रश्मिका इस फिल्म में एक बिल्कुल नए और शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगी। 'मैसा' उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक मानी जा रही है। ये फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी ताकत और साहस के दम पर समाज की बेड़ियों को तोड़ती है। 20 मार्च, 2026 को इस फिल्म के सिनेमाघरों में आने की चर्चा है।

***'सूबेदार' और 'चरक'*** *: जहां एक तरफ मार्च में 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में टकरा रही हैं, वहीं अनिल कपूर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के साथ 5 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर धमाका करने को तैयार हैं। उधर 'द केरल स्टोरी' और 'बस्तर' जैसी प्रभावशाली फिल्में देने वाले निर्देशक सुदीप्तो सेन अब अपनी नई फिल्म 'चरक' के साथ एक बार फिर दर्शकों को झकझोरने के लिए तैयार हैं।उनकी ये फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

# 'मालामाल वीकली 2' में लौटेगी रितेश, परेश-राजपाल की तिकड़ी, फिर मचेगा धमाल



मुंबई। रितेश देशमुख, परेश रावल और राजपाल यादव की फिल्म 'मालामाल वीकली' साल 2006 में रिलीज हुई थी। ताजा जानकारी में पता चला है कि इसकी दूसरी किस्त लाने की तैयारी चल रही है। जाहिर है कि 'हेरा फेरी', 'भागम भाग' और 'खोसला का घोसला' जैसी कल्ट फिल्मों का सीक्वल आने के लिए तैयार है। ऐसे में, 20 साल पहले आई 'मालामाल वीकली' की दूसरी किस्त आना फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम साबित नहीं होगा। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया, 'मालामाल वीकली 2' के लिए बातचीत शुरू हो गई है। फिल्म पर काम कर रही टीम को एक बेहतरीन आइडिया मिला है जो इस फिल्म के दूसरे भाग के लिए बिल्कुल सही होगा। उन्होंने आगे बताया, यह सीधा सीक्वल नहीं है। इस बार किरदार और पृष्ठभूमि अलग होंगे, लेकिन पहले भाग की तरह ही, यह लालची ग्रामीणों के एक समूह के बारे में होगा।

## खबर संक्षेप

### मणि प्रभा को मिला एशियन डायमंड अवार्ड



**कोसीर।** जिला मुख्यालय सहसपुर के माध्यमिक शाला की मणिप्रभा त्रिपाठी को भुवनेश्वर में सम्मान किया गया। शुक्रवार को भुवनेश्वर मिला समता साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन के अवसर पर समाज सेवा और शिक्षा जगत के उत्कृष्ट कार्य हेतु एशियाई डायमंड आईकॉनिक इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वहीं 27 दिसंबर को भुवनेश्वर मिला था मैं जा नहीं पाई तो आज स्पीड पोस्ट से प्राप्त हुआ है समता साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन के अवसर पर समाज सेवा और शिक्षा जगत के उत्कृष्ट कार्य हेतु एशियाई डायमंड आईकॉनिक इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### कलेक्टर ने किया नपं के कार्यों का निरीक्षण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में निर्माणधीन कार्यों का निरीक्षण कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा किया गया। जिसमें लाइब्रेरी निर्माण, बोर्ड से कॉलेज तक बीटी रोड एवं नाल निर्माण पानी टंकी निर्माण, पुष्प वाटिका निर्माण चंदन तालाब सौंदर्य करण निर्माण, रानी सागर सौंदर्य करण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

### नव पदस्थ टीआई ने ली शांति समिति की बैठक

**पुसौर।** पुसौर थाने के टीआई का स्थानांतरण बाद उनके स्थान पर आए मोहन भारद्वाज पदभार ग्रहण कर होली में शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र के गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों के साथ बैठक किया। इस बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर और रितेश थवाइत, पार्षद फगुलाल प्रधान, रूपेश साव, निराकार पटेल, मंडल मंत्री डिग्री पाईक सहित क्षेत्र के सरपंच आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में होली के बीच गश्त बढाने के साथ बाजार में स्थाई रूप से गश्त तैनात रखने की मांग रखी गई। वहीं होली को लेकर टीआई भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि अपने-अपने क्षेत्र में इस बात को साझा करें कि बिना स्वीकृति लिए किसी को रंग न लगाए, फुहडता से बातचीत अथवा उस तरह का क्रियाकलाप न करें, चोरी से किसी के सामान को ले जाकर होली में न जलाए और डीजे का उपयोग भी धीमे स्वर में रखना है। इस तरह के कई तथ्यों को लेकर लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में टीआई भारद्वाज ने सभी का यथोचित सम्मान किया।

### दुर्गावाहिनी समूह ने मनाया होली उत्सव

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर नगर में सर्व हिन्दू समाज की महिलाओं के संगठन मातृशक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा 28 फरवरी शनिवार की शाम गोपालजी मंदिर के प्रांगण में पारंपरिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ होली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राधाकृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना से हुई, जिसके पश्चात महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। होली उत्सव में उपस्थित महिलाओं ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। समूह की ओर से कहा गया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मतभेद भुलाकर एकता और सद्भाव से जुड़ने का अवसर है। सभी नगरवासियों से अपील की गई कि वे होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर मनाएं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती रूपा सिंह देव एवं सह अध्यक्ष श्रीमती रीता रामकृष्ण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी श्री रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में नगर के सभी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा नगरवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और एकता का संदेश प्रसारित हो सके। इस आयोजन ने न केवल महिलाओं की एकजुटता को दर्शाया।

## जिले के 72 हजार 693 किसानों के खातों में 349.59 करोड़ जमा, छाई खुशियां

# उधर सीएम ने दबाया बटन, इधर मोबाइल में आने लगे खुशियों के मैसेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार का दिन किसानों के लिए हर्ष और उल्लास का दिन था। जैसे ही सीएम विष्णुदेव साय बटन दबाया, इधर किसानों के मोबाइल में खुशियों का मैसेज आना चालू हो गया है। जिले के 72 हजार 693 किसानों के खाते में कृषक उन्नति योजना के तहत 349 करोड़ 59 लाख जमा की गई है। जैसे ही मोबाइल पर राशि जमा होने के संदेश पहुंचे, वैसे ही जिले के किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया।

इस दौरान जिले के किसानों को पुष्पहार से स्वागत किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। इस साल जिले में 72 हजार 693 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बिक्री किया है। इन किसानों ने 4 लाख 78 हजार 240.60 एमटी धान बिक्री किया है। इसकी राशि तो पहले ही मिल गई थी, लेकिन बोनस की राशि बाकी था। शनिवार को इस राशि को किसानों के खाते में जमा करने बिलासपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यहां सीएम श्री साय ने एक क्लीक कर किसानों के खाते में राशि अंतरण किया। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत का वादा धरातल पर उतर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा हमने वादा किया था कि किसान भाई होली का त्योहार धूमधाम से मना सकें, इसलिए त्योहार से पहले यह राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष न तो बारदाने की कमी हुई और न ही भुगतान में देरी।




किसान को प्रमाण पत्र सौंपते राज्यसभा सांसद और कार्यक्रम में उपस्थित किसान।

### आगामी खरीफ की तैयारी में मिलेगी मदद

महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि होली से पहले किसानों को मिली यह राशि उनकी खुशियों को दोगुना करेगी और आगामी खरीफ फसल की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है और अब उन्हें साहूकारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने सभी वादे निभा रही है और किसान हित सर्वोपरि है।

### ब्लॉकों में कार्यक्रम का आयोजन

जिले के 72,693 किसानों को कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि प्रदान की गई है, जिससे उनकी होली की खुशियां बढ़ेंगी। जिले सभी विकासखंड मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों में उत्साह का माहौल रहा। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि धरमजयगढ़ ब्लॉक में 13,802 किसानों के खातों में 73.53 करोड़ रुपए, पुसौर में 16,115 किसानों के खातों में 73.34 करोड़ रुपए, खरसिया में 13191 किसानों के खातों में 59.32 करोड़, रायगढ़ के 10378 किसानों के खातों में 49.12 करोड़, तमनार 6190 किसानों के खातों में 25.28 करोड़ रुपए, घरघोड़ा 4613 किसानों के खातों में 23.81 करोड़ रुपए और लैलूंगा के 8404 किसानों के खातों में 45.19 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। कृषक उन्नति योजना के तहत मोटा धान पर 731 रुपए और पतला धान पर 711 रुपए प्रति क्विंटल की दर से यह सहायता प्रदान की गई है।

## 300 बिस्तर अस्पताल की सौगात, वित्त मंत्री ने दी स्वीकृति



■ स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए यह पहल जिले वासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी

**रायगढ़।** जर्जर हो चुके 100 बिस्तर वाले सेठ किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय के 300 बिस्तर में तब्दील वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर 40 करोड़ स्वीकृत किया गया है। बढ़ते औद्योगिकरण के दबाव के मद्देनजर जिला चिकित्सालय के उन्नयन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। वर्षों पुरानी यह 100 बिस्तर चिकित्सालय जर्जर अवस्था में पहुंच चुका था। बिस्तर की संख्या बढ़ाते हुए इसके उन्नयन का निर्णय लिया गया।

300 बिस्तर हॉस्पिटल में तब्दील होते पुराने पदों को स्वीकृत करते हुए अब 258 पद सृजन किए गए हैं। जिनमें एक वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अधीक्षक, चार मेडिकल विशेषज्ञ, चार सर्जिकल विशेषज्ञ, छह स्त्रीरोग विशेषज्ञ, पांच शिशुरोग विशेषज्ञ, चार निश्चेतना विशेषज्ञ, दो पैथोलॉजिस्ट, दो नाक कान गला विशेषज्ञ, दो मनोरोग विशेषज्ञ, दो नेत्र रोग विशेषज्ञ, दो अस्थिरोग विशेषज्ञ, दो रेडियोलोजिस्ट एक फॉरसिक विशेषज्ञ, एक डरमेटो लॉजिस्ट, तीनदंत चिकित्सक एमडीएस दो दंत चिकित्सक बीडीएस एक माईको चायोलॉजिस्ट एक बायोकेमिस्ट्री इकतालीस चिकित्सा अधिकारी, एक मेटून दो फिजियो थेरेपिस्ट, पांच नर्सिंग सिस्टर, दो सहायक ग्रेड.1 एक मुख्य लिपिक, छह ओटी टेक्नीशियन दो ईसीजी टेक्नीशियन इको दो ऑप्थलमिक असिस्टेंट, तीन रेडियोग्राफर, पांच डेंटल टेक्नीशियन, पांच फार्मासिस्ट ग्रेड 02 दस मेडिकल लैब टेक्नीशियन 65 स्टाफ नर्स दो लेखापाल, एक स्टोरकीपर, दो सहायक ग्रेड 2 एक केशियर सहायक वर्ग 2 एक स्टीवर्ड सहायक ग्रेड 2 तीन वाहन चालक एम्बुलेंस, चार सहायक ग्रेड.3, चार लेब असिस्टेंट, पांच ड्रेसर ग्रेड 1, तीन डार्करूम असिस्टेंट, 18 वार्ड ब्वाय, 9 आया, पांच ओटी अटेंडेड, दो धोवी, दो सफाई कर्मचारी शामिल है। बजट में उनके संभावित वेतन का प्रावधान भी किया गया। इन प्रावधानों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजनांतर्गत 5000.00 लाख रुपए शामिल है। 0100 बिस्तर जिला अस्पताल रायगढ़ को 300 बिस्तर में उन्नयन करने संबंधी भवन निर्माण कार्यों तथा 3 बिस्तर ट्रामा केयर यूनिट भवन निर्माण कार्य की कुल अनुमानित लागत 4 जहर लाख रुपए है।

## विज्ञान दिवस पर हुआ विविध कार्यक्रम



**घरघोड़ा।** शास कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्राओं में वैज्ञानिक चिंतन विकसित करने एवं विज्ञान विषय के प्रति अभिरूचि विकसित करने के दृष्टिकोण से विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर मॉडल एवं आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए अपनी सृजनात्मकता का परिचय दियाद्यविज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष नगर पंचायत घरघोड़ा सुरेन्द्र चौधरी द्वारा संस्था के प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र चौधरी ने छात्राओं द्वारा बनाए गए शोध पत्रिका एवं मॉडल की सराहना करते हुए उक्त नवाचारी गतिविधियों की प्रशंसा की एवं प्रोत्साहन किया। प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा ने रमन प्रभाव की जानकारी देते हुए भारत के महान वैज्ञानिक सी वी रमन के जीवनी पर प्रकाश डाला। अजीज प्रेम फाउंडेशन से उपस्थित परमानंद साहू ने छात्राओं द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शोध पत्रिका की सराहना करते हुए अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय बताया द्यद्यइस अवसर पर थीम 2026 के अनुसार महिला वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अविस्मरणीय कार्यों से संबंधित शिक्षाप्रद पोस्टर भी लांच किया गया। विद्यालय के शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक विजय पंडा ने इस अवसर पर कहा कि भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को श्रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाया जाता है जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### पूर्व विधायक विजय के हाथों मिला चेक

**पुसौर।** किसानों को धान खरीदी के अंतर राशि कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के सभी किसानों के खाते में जमा की गई। इसी कड़ी में पुसौर के मंगल भवन में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान, जिपं सदस्य ब्रजेश गुप्ता, भाग्यवती नायक, लक्ष्मी पटेल, नपं अध्यक्ष मानी सतपथी, उपाध्यक्ष क्षरमती चौहान, सभापति मुक्तेश्वर पंडा, सभापति हेमालिनी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संदीप पंडा, जैमिनी गुप्ता व प्रदीप पटेल की उपस्थिति रही। पुसौर क्षेत्र के 16 हजार 153 किसानों के खाते में 73 करोड 53 लाख रूपए वितरित हुए। नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा, कृषि विभाग प्रमुख आरके पटेल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## थाना सरसींवा में शांति समिति की बैठक



**सरसींवा।** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सामाजिक समरसता के साथ मनाने के उद्देश्य से थाना सरसींवा में शांति समिति की बैठक हुई। सौहार्द्रपूर्ण होली के लिए पुलिस की अपील। रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सामाजिक समरसता के साथ मनाने के उद्देश्य से थाना सरसींवा परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभिन्न ग्रामों के सरपंच, गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक का मूल उद्देश्य होलिकोत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ सामाजिक सौहार्द्र को सुदृढ़ करना रहा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, विश्वास और भाईचारे का प्रतीक है। यह ऐसा अवसर है जब छोटी बड़ी पुरानी रंजिशों को भुलाकर लोग गले मिलते हैं और समाज में समरसता का संदेश देते हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपेक्षा की कि वे होली को हर्षोल्लास के साथ, किंतु अनुशासन और मर्यादा के दायरे में रहकर मनाएँ।

### नागरिकों के लिए पुलिस की अपील

होली के दौरान कीचड़, केमिकल, पेंट या ऑयल का प्रयोग न करें। यातायात बाधित न करें और सड़क मार्ग अवरुद्ध न करें।राहगीरों को रोककर जबरन रंग न लगाएँ। महिलाओं की इच्छा के विरुद्ध रंग.गुलाल न डालें। अश्लील शब्दों या आपत्तिजनक व्यवहार से बचें। हरे भरे वृक्षों को नुकसान न पहुँचाएँ। शासकीय संपत्ति को क्षति न पहुँचाएं यह सार्वजनिक धरोहर है। नशे की हालत में वाहन न चलाएँय दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएँ। पालक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। अनावश्यक रूप से चंदा वसूली या राहगीरों को रोककर धन संग्रह न करें। ऐसे पर्चे या सामग्री का प्रकाशन न करें जिससे किसी की भावनाओं या मर्यादा को ठेस पहुँचे।

## राजस्थान के युवाओं का जिले के दर्शनीय स्थलों का कराया भ्रमण



**रायगढ़।** मेरा युवा भारत माय भारत जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान एवं जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के संरक्षण में 23 से 27 फरवरी को होटल में पांच दिवसीय अंतर राज्यीय युवा आदान प्रदान आवासीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं सहयोग कार्य के लिए स्वयंसेवक सुशांत पटनायक, धीरज पटेल, खुशबू साहू और बिंदिया गुप्ता की भी सहभागिता रही। इस शिविर के अंतर्गत राजस्थान के पांच जिलों करौली, बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर से कुल 34 युवा प्रतिनिधिमंडल रायगढ़ पहुँचे, जहाँ उनका पारंपरिक स्वागत तिलक चंदन एवं गुलाब का फूल देकर किया गया।

शिविर का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक आदान प्रदान को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। आवासीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम पाल भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज श्रीवास्तव कलाविद् रायगढ़ एवं विमर्ति गुप्ता उपस्थित थे।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल चंद्रपुर के तेजकुमार बने महामंत्री



**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती छत्तीसगढ़ के युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री की सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन तथा भाजपा बिलासपुर संभाग प्रभारी रामू रोहरा एवं जिला प्रभारी सक्ती मनोज शर्मा साथ ही भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा एवं भाजपा सक्ती जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गवेल की सहमति से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आलोक पटेल द्वारा जिला कार्यसमिति एवं मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें चंद्रपुर मंडल से तेजकुमार राजू निषाद को युवा मोर्चा का महामंत्री मनोनीत किया गया तेजकुमार राजू निषाद लंबे समय से भाजपा पार्टी से जुड़े हुए है।

## औपचारिकता बनकर रह गई शांति समिति की बैठक



**छाल।** होली के पावन पर्व पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए छाल तहसील और थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक महज एक खानापूर्ति साबित हुई। तहसीलदार और थाना प्रभारी के नेतृत्व में आहूत इस बैठक में जन भागीदारी का भारी अभाव देखा गया।

हैरानी की बात यह है कि छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत 52 गांव आते हैं, लेकिन बैठक में इन गांवों के जागरूक नागरिकों प्रमुखजन प्रतिनिधियों और स्थानीय मीडिया को दूर रखा गया। मुट्ठी भर लोगों की उपस्थिति में हुई इस बैठक ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। जब क्षेत्र के जिम्मेदार लोग ही बैठक से नदारद रहे, तो कानून व्यवस्था और सुरक्षा के निर्देश आम जनता तक कैसे पहुंचेंगे। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ पुलिस मुख्यालय से शांति समितियों को सक्रिय करने के निर्देश हैं। वहीं दूसरी तरफ संवेदनशील गांवों की पहचान और रात्रि गश्त जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में गोपनीयता जैसा माहौल बना रहा। यदि जनप्रतिनिधि और मीडिया ही बैठक से दूर रहे तो पुलिस की बात अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचेगी।

## गांवों में खड़ी तो कर दी जल जीवन मिशन की टंकिया, पानी का अता-पता नहीं



**बरमकेला।** जल जीवन मिशन का उद्देश्य था कि हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। यह योजना केवल पानी देने की नहीं, बल्कि ग्रामीण सम्मान, स्वास्थ्य और सुविधा से जुड़ी हुई पहल है। लेकिन बरमकेला जनपद की कई ग्राम पंचायतों में जो तस्वीर सामने आई है, वह काफी गंभीर है। बरमकेला से 5-7 किलोमीटर की दूर पंचायतों में जब वास्तविक स्थिति देखने का प्रयास किया गया, तो स्पष्ट हुआ कि योजना का क्रियान्वयन अधूरा, असंतोषजनक और कई जगहों पर केवल दिखावटी है।

कंचनपुर में जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण किया गया। घरों में नल कनेक्शन भी दिए गए। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी नलों से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी बनी, पाइपलाइन बिछी और नल लगाए गए तो पानी आना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रका है। सरपंच का कहना है कि अभी टंकी से घरों तक अंतिम कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है। ग्राम पंचायत डभरा आधा काम पूरा भुगतान हो गया है। डभरा में मुख्य गांव में आंशिक कार्य हुआ है, लेकिन इसके आश्रित ग्राम चंवरपुर में नल तक नहीं लगाए गए। भंवरपुर में नल लगे हैं पर पानी का कनेक्शन नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोदा गया, लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई। यदि योजना का उद्देश्य सुविधा देना है लेकिन यहां लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी तरह के हालात छोटे आमकोनी का भी है। यहां नल लगे हैं पर पानी नहीं आता। डीपापारा में पहले से पानी की कमी है। महिलाएं आज भी दूर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना की घोषणा के समय उन्हें बताया गया था कि अब पानी की समस्या खत्म होगी। लेकिन हकीकत में स्थिति जस की तस है। गोबरसिंघा में नाराजगी साफ दिखाई देती है। कहीं नल लगे हैं कहीं नहीं।

### प्राथमिका से करेंगे पूरा

टंकी बन चुकी है नल लग चुके हैं लेकिन पानी नहीं। सरपंच का कहना है कि जल्द प्राथमिकता देकर कार्य पूरा किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जनपद सीईओ अजय पटेल और पीएचई विभाग से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिन पंचायतों में पानी नहीं पहुंचा है वहां स्थिति सुधारने की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

### गुणवत्ता जांच पर सवाल

बरमकेला जनपद की स्थिति यह संकेत देती है कि या तो मॉनिटिरंग नहीं हो रही है या क्रियान्वयन में गंभीर खामियां हैं। यदि समय रहते स्थिति नहीं सुधरी, तो यह केवल एक योजना की विफलता नहीं होगी, बल्कि ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न होगा। इसकी गुणवत्ता की जांच को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है। ग्रामीणों द्वारा जांच और अधूरे काम को पूरा करने की मांग की जा रही है।





